सं.ए-11019/07/2012-पीएच(आईएच)-पार्ट
भारत सरकार
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय
[पीएच (आईएच) अनुभाग]

नई दिल्ली, दिनांक:.........................

विषय: पीएच (आईएच) अनुभाग, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के लिए संविदा आधार पर तकनीकी सहायता परामर्शदाता की नियुक्ति

पीएच (आईएच) अनुभाग, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय में बढ़े हुए कार्य को संभालने के लिए आरंभ में 3 माह की अवधि के लिए पूर्णत: संविदा आधार पर तकनीकी सहायता परामर्शदाता के रूप में नियुक्ति हेतु निर्धारित प्रपत्र में पात्र भारतीय नागरिकों से, निम्नलिखित निबंधनों एवं शर्तों पर, आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:-

तकनीकी सहायता परामर्शदाता - 01 (पद की संख्या)
(जन स्वास्थ्य विशेषज्ञ)

परिलब्धि - 60,000/-रु. प्रतिमाह (समेकित)

अपेक्षित अर्हताएं:

अनिवार्य:- एमबीबीएस

वांछनीय:- जन स्वास्थ्य में स्नातकोत्तर और/अथवा जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य करने का अनुभव।

कार्य का विवरण:

(i) तकनीकी कार्यकलापों का पर्यवेक्षण/अनुवीक्षण, मानक कार्यसंचालन प्रविधियां एसओपी), दिशा-निर्देश तैयार करना, प्रशिक्षण पाठ्यचर्या एवं सामग्री विकसित करना, अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य विनियम (आईएचआर) 2005 के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय सरोकार की जन स्वास्थ्य आपात स्थितियों के दौरान तथा हर समय किए जाने वाले तकनीकी कार्यकलापों और अपेक्षित मौजूद एवं अतिरिक्त जन स्वास्थ्य उपायों की मूल क्षमताओं की आवधिक समीक्षा करना, जिनमें पीत ज्वर रोग, सार्स जैसे जन स्वास्थ्य से जुड़े खतरे और इबोला, एच1एन1 आदि जैसी अंतरराष्ट्रीय सरोकार की जन स्वास्थ्य आपात स्थिति (पीएचईआईसी) पैदा होने पर रुग्ण/संदिग्ध यात्रियों की चिकित्सा देखभाल करना शामिल है।

(ii) प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करना।

(iii) संभारतंत्रों की योजना बनाना और अनुवीक्षण करना।

(iv) स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय द्वारा समय-समय पर सुपुर्द कोई अन्य विशिष्ट कार्य।

अधिकतम आयु-सीमा:

45 वर्ष और सरकारी सेवा से सेवा-निवृत्त व्यक्तियों के मामले में 65 वर्ष।

निबंधन एवं शर्तें:

(i) आवेदन ए4 साइज के कागज पर टंकित किया हुआ होना चाहिए।

(ii) सभी प्रत्यय-पत्रों की सत्यापित प्रतिलिपियां अनिवार्यत: संलग्न की जाएं।

(iii) आवेदन केवल डाक द्वारा भेजा जा सकता है जिसके लिफाफे पर **तकनीकी सहायता परामर्शदाता के पद हेतु आवेदन** लिखा होना चाहिए और उसे **अनुभाग अधिकारी, पीएच (आईएच) अनुभाग, कमरा नं.747-ए विंग, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, निर्माण भवन, नई दिल्ली-110108** के पते पर भेजना चाहिए। कूरियर द्वारा अथवा दस्ती रूप में कोई आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। अपूर्ण आवेदनों को तुरंत रद्द कर दिया जाएगा।

(iv) परीक्षा/साक्षात्कार के लिए उपस्थित होने के लिए कोई यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता देय नहीं होगा।

(v) विज्ञापन की तारीख से 30 दिन के भीतर आवेदन करें।

____________________________ के पद के लिए आवेदन

पासपोर्ट साइज का फोटोग्राफ

1. नाम (स्पष्ट अक्षरों में) :
2. जन्म तिथि:
3. आयु:
4. लिंग:
5. शैक्षिक अर्हता:
6. अनुभव:
7. वर्तमान पता (पत्राचार हेतु पता):
8. टेलीफोन नं./ई-मेल आईडी:

मैं एतद्वारा प्रमाणित करता हूँ कि ऊपर दी गई सूचना मेरी जानकारी के अनुसार सही और सत्य है।

दिनांक: अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

टिप्पणी: अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने सभी प्रमाण-पत्र/दस्तावेज अपने साथ लाएं। 'वॉक-इन-इंटरव्यू' दिनांक 29 मार्च, 2016 को पूर्वाहन 11.00 बजे से होगा।